आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 25.01.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार–

- उत्तराखंड के सौ नगर निकायों में हुए चुनाव की मतगणना आज सुबह आठ बजे से शुरू होगी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले एनसीसी कैडेटों, एन एस एस के स्वयंसेवियों, कलाकारों तथा जनजातीय अतिथियों से मुलाकात की।
- राज्य में छह करोड़ रुपए से अधिक धनराशि की नौ सौ चौंतीस किलोग्राम ड्रग्स नष्ट करने की प्रक्रिया जारी।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए इंडियन ऑइल कॉरपोरशन उत्तराखंड को स्पॉन्सरशिप देगा।

मतगणना

प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए अब से कुछ देर बाद सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। 23 जनवरी को राज्य के 100 नगर निकायों के लिये हुए मतदान में प्रदेश के एक हजार तीन सौ बयासी पदों के लिए कुल पांच हजार चार सौ पांच प्रत्याशी मैदान में हैं। मतगणना के लिए राज्यभर में 54 केंद्र बनाए गए हैं, जहां छह हजार 366 कर्मचारी मतगणना प्रक्रिया को पूरा करेंगे। मतगणना के लिये सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। साथ ही मतगणना केंद्रों की सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। चुनाव में प्रमुख दलों के अलावा कई निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में हैं। इस बार महिलाओं और युवाओं ने बड़े पैमाने पर मतदान किया। परिणाम दोपहर से आने शुरू होंगे और देर शाम तक सभी नतीजे घोषित होने की संभावना है। मतगणना से सम्बन्धित रूझान और परिणाम राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जनसामान्य के लिए प्रदर्शित किए जाएंगे।

मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल नई दिल्ली में अपने आवास में गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले एनसीसी कैडेट्स, एन एस एस के स्वयंसेवियों, कलाकारों तथा जनजातीय अतिथियों से मुलाकात की।

बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय एकता और विविधता पर जोर दिया तथा सभी प्रतिभागियों से विभिन्न राज्यों के लोगों के साथ संवाद करने का अनुरोध किया, जिससे एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूती मिल सके। उन्होंने कहा कि ऐसे संवाद से समझ बढेगी और एकता बनेगी, जो राष्ट्र की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है।

संबोधन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी तथा अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढे नौ बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण करेगा।

तैयारियां

उत्तराखंड में आयोजित होने जा रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा है। विभिन्न राज्यों से खिलाड़ी, कोच और तकनीकी स्टाफ का उत्तराखंड पहुंचना शुरू हो गया है। उधर, नैनीताल जिले का हल्द्वानी स्टेडियम इन खेलों के आयोजन के लिए पूरी तरह तैयार है। जिला प्रशासन और खेल विभाग खेलों को सफल बनाने के लिए दिन—रात जुटे हुए हैं। खेल उप निदेशक राशिका सिद्दीकी ने जानकारी दी कि आयोजन स्थल पर खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और उनके रहने की सभी सुविधाओं का इंतजाम हो गया है। इस बीच, मुख्य विकास अधिकारी अशोक पांडे ने गौलापार स्टेडियम का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले खिलाड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। नैनीताल में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए देश के विभिन्न राज्यों से खिलाड़ियों का आगमन हो रहा है। वहीं, उत्तराखंड की टीम भी खेल स्थलों पर लगातार प्रशिक्षण ले रही है। खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बनता है, और वे अपने अनुभव भी साझा कर रहे हैं।

राष्ट्रीय बालिका दिवस

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कल राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल गुरमीत सिंह ने होनहार छात्राओं को सम्मानित किया। इस दौरान हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पचास हजार रुपए की पुरस्कार राशि दी गई।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान में महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और आने वाले समय में वे समाज में बड़े बदलाव लाने का नेतृत्व करेंगी। उन्होंने बालिकाओं को तकनीकी अपनाने और शिक्षा के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया।

मादक पदार्थ निस्तारण

केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर उत्तराखंड में मादक पदार्थों के निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में औषधि व्यनन समिति की रिपोर्ट पर छह करोड़ रुपए से अधिक धनराशि की नौ सौ चौंतीस किलोग्राम ड्रग्स नष्ट करने की प्रक्रिया जारी है।
गौरतलब है कि वर्ष 2022 से 2025 के बीच पुलिस ने दो हजार चार सौ उनसठ किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किए, जिनकी कीमत 22 करोड़ रुपए से भी अधिक है। राज्य में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स गठित कर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत संपत्ति जब्ती की प्रक्रिया भी शुरू की है। मुख्यमंत्री ने नशा मुक्त उत्तराखंड की दिशा में और प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए हैं।

स्पॉन्सरशिप

38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी कर रहे उत्तराखंड को इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) का साथ मिला है। आईओसी इस आयोजन के लिए उत्तराखंड को स्पॉन्सरशिप देगा। प्रारंभिक सहमति की सूचना उत्तराखंड को आधिकारिक रूप से प्राप्त हो गई है। इसके बाद, उत्तराखंड ने आईओसी को राष्ट्रीय खेलों का ब्रॉन्ज स्पॉन्सर बना दिया है। आयोजन के प्रचार–प्रसार में अब आईओसी भी नजर आएगा। कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) मद में आईओसी जल्द ही यह तय करेगा कि इस आयोजन के लिए उसकी स्पॉन्सरशिप का आकार क्या होगा? 28 जनवरी को राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन के दिन ही आईओसी की बोर्ड बैठक भी प्रस्तावित है। माना जा रहा है कि इस बैठक में ही स्पॉन्सरशिप के आकार पर निर्णय ले लिया जाएगा।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस

आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। यह दिन देश में मतदान के महत्व को रेखांकित करता है और नागरिकों को अपने लोकतांत्रिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने का संदेश देता है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि देश के लोकतंत्र की मजबूती में नागरिकों की भागीदारी बेहद अहम है। उन्होंने सभी से अपील की है कि मतदान के महत्व को समझें और अपनी भूमिका निभाएं।

## भूकंप

उत्तरकाशी में आज सुबह 5 बजकर 48 मिनट पर एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। पिछले 24 घंटों में यह चौथी बार है जब इस क्षेत्र में धरती हिली है। विशेषज्ञों के अनुसार, उत्तरकाशी जिला भूकंप के लिहाज से संवेदनशील ज़ोन 4 और 5 में आता है, जहां भूकंप का खतरा हमेशा बना रहता है। लगातार झटकों के कारण स्थानीय लोग सतर्क हो गए हैं। हालांकि भूकंप से किसी भी तरह के जान माल की हानि नहीं हुई है।

## प्रयागराज महाकुंभ

प्रयागराज महाकुंभ में उत्तराखंड का भव्य पवेलियन स्थापित किया है। इसमें देवभूमि के मंदिरों की प्रतिकृतियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। चालीस हजार वर्गफीट में फैला यह पवेलियन तीर्थयात्रियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां हर दिन दस हजार से अधिक श्रद्धालु भ्रमण कर रहे हैं। इस स्थान पर आवासीय सुविधा, स्थानीय व्यंजन और उत्कृष्ट टेंट सिटी का भी निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री का मानना है कि यह आयोजन 2026 में हरिद्वार में होने वाले कुंभ की तैयारियों को भी दिशा देगा।